विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2021/ 941 दिनांक :- 24.09.2021

प्रति,

प्राचार्य,
श्री सांई इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,
आर.टी.ओ.ऑफीस के पास,जावरा रोड़,रतलाम।

विषय :- सत्र 2021-22 हेतु महाविद्यालय में संचालित आवेदित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता-निरंतरता के संबंध में।

संदर्भ :- महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन क्रमांक/RENT41202133, Date25.02.2021

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि, सत्र 2021-22 में आपके महाविद्यालय द्वारा आवेदित पाठ्यक्रम की निरंतरता/हेतु आवेदन किया गया है।

कोविड-19 की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए सत्र 2021-22 में महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता/निरंतरता प्रदान किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विद्यापरिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 18.05.2021 के विषय क्रमांक 05 में निर्णय लिया गया कि,''शिक्षा पाठ्यक्रमों के समान अन्य पाठ्यक्रम जो सम्बद्ध महाविद्यालयों में पूर्व से संचालित किये जाते है/नवीन पाठ्यक्रम/नवीन महाविद्यालय/उत्तरवर्ती कक्षाऐं, संचालित करने वाले महाविद्यालयों के सत्र 2021-22 के शुल्क जमा होने पर शपथ पत्र प्राप्त किया जा कर अनंतिम आधार पर सम्बद्धता/निरंतरता जारी की जाये एवं निरीक्षण समिति का भी गठ्न किया जावे एवं निरीक्षण समिति को ऑनलाईन निरीक्षण हेतु निर्देशित किया जाये एवं अनुशंसा प्राप्त की जाये।'' विद्यापरिषद् की स्थाई समिति की बैठक के कार्यविवरण का अनुमोदन कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 03.08.2021,द्वारा किया गया है।

अतः विद्यापरिषद् की स्थाई समिति एवं कार्यपरिषद् के उपरोक्त निर्णय/स्वीकृति के अनुपालन में महाविद्यालय से प्राप्त शपथपत्र दिनांक 07.08.2021 के अधीन एवं पाठ्यक्रमानुसार सक्षम निकाय से प्राप्त अनुमति/अनापत्ति पत्र के,आधार पर अनंतिम रुप से निम्नलिखित पाठ्यक्रमों हेतु निरंतरता की सहमति प्रदान की जाती है :-

क्रं.	पाठ्यक्रम/विषय	सीट संख्या
01.	बी.सी.ए.	90
02.	बी.बी.ए.	90
03.	बी.कॉम.(ऑनर्स)	50
04.	बी.कॉम.(कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन)	60
	(टैक्स प्रासिजर एण्ड प्रेक्टिस)	30
	(फारेन ट्रेड)	30
05.	बी.एससी.(कम्प्यूटर विज्ञान)	60
	(बॉयोटेक्नोलॉजी)	60
	(माईक्रोबॉयोलॉजी)	60

महाविद्यालय, विद्यापरिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 18.05.2021 में लिये गये उपरोक्तानुसार निर्णय का पालन एवं समय समय पर विश्वविद्यालय/शासन के पश्चातवर्ती आदेश/निर्देशों के पालन हेतु प्रतिबद्ध रहेगा।

सामान्य शर्ते परिनियम क्रमांक 27 एवं 28 के प्रावधानानुसार यथावत रहेगी।

आदेशानुसार

उपकुलसचिव(अकादमिक)

निरंतर...02

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2021/ 942 दिनांक :- 24.09.2021

प्रतिलिपि :-

01. सचिव,माँ शारदा उच्च शिक्षा समिति,रतलाम।
02. आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
03. अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा,उज्जैन संभाग,शा.माधव विज्ञान महाविद्यालय,उज्जैन।
04. प्राचार्य, शासकीय कला एवं विज्ञान (अग्रणी) महाविद्यालय,रतलाम।
05. समन्वयक, ऑनलाईन सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
06. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक कुलसचिव(अकादमिक)